नाम : अनुक्रमांक : ____________

**C/5,000**

# अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2026-27
# गृह विज्ञान
# कक्षा 9

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

**निर्देश—**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है—खण्ड-'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं तथा खण्ड-'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं जिसमें अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय—तीन प्रकार के प्रश्न हैं।

## खण्ड-'अ'
## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**नोट—निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार ओएमआर आन्सर शीट पर अंकित कीजिए—** $20 \times 1 = 20$

1. गृहविज्ञान का अध्ययन कौन-सी पद्धति पर किया जाता है ?— (1)

(A) व्यावहारिक (C) वैज्ञानिक

(B) सामाजिक (D) नैतिक

2. निम्न में से कौन-सा गृह-व्यवस्था का भौतिक साधन है ?— (1)

(A) कौशल (C) वस्तुएँ एवं सम्पत्ति

(B) धन (D) समय

UPBoardHub

3. एक कुशल गृहिणी को होना चाहिए— (1)

(A) अत्यन्त कठोर भाषी (C) स्वयं लिप्त रहने वाली

(B) मृदुभाषी (D) इनमें से सभी

4. कार्य-व्यवस्था को सफल बनाने के लिए आवश्यक है— (1)

(A) उचित योजना (C) परिवारीजनों का सहयोग

(B) ज्ञान (D) इनमें से सभी

5. आजकल अधिकांश परिवार होते हैं— (1)

(A) संयुक्त (C) मिश्रित

(B) एकाकी (D) इनमें से सभी

6. आवश्यकताओं को सीमित रखने वाला परिवार होता है— (1)

(A) सम्पन्न (C) दुःखी

(B) सुखी (D) मध्यम

7. सबसे अधिक सुखी होता है— (1)

(A) धनी व्यक्ति (C) सन्तोषी व्यक्ति

(B) मध्यम श्रेणी का व्यक्ति (D) श्रमिक

8. व्यायाम करने वाला व्यक्ति— (1)

(A) मोटा हो जाता है (C) आलसी हो जाता है

(B) कमजोर हो जाता है (D) स्वस्थ हो जाता है

9. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा अधिकारी होता है— (1)

(A) एक	(C) तीन

(B) दो	(D) चार

10. बाल रक्षा केन्द्र का संचालन करती है— (1)

(A) राज्य सरकार

(B) केन्द्र सरकार

(C) केन्द्र सरकार व नगरपालिका

(D) जिला प्रशासन

11. संवातन का प्राकृतिक साधन है— (1)

(A) चूपण

(B) पंखा

(C) एअर कूलर

(D) वातानुकूलन

12. वायु है— (1)

(A) एक मिश्रण

(B) यौगिक

(C) तत्व

(D) इनमें से कोई नहीं

13. श्वसन द्वारा निष्कासित वायु होती है— (1)

(A) ऑक्सीजन

(B) कार्बन डाइ-ऑक्साइड

(C) ओजोन

(D) हाइड्रोजन

14. पर्यावरण को दूषित करने वाले पदार्थ कहलाते हैं— (1)

(A) विष

(B) व्यर्थ पदार्थ

(C) मिलावटी पदार्थ

(D) प्रदूषक

15. तपेदिक रोग का दूसरा नाम है— (1)

(A) कर्णफेर

(B) राजयक्ष्मा

(C) डिफ्थीरिया

(D) रोहिणी

16. पेड़-पौधों से प्राप्त तन्तु है— (1)

(A) रुई

(B) जूट

(C) हैम्प

(D) इनमें से सभी

17. वस्त्र निर्माण की सबसे छोटी इकाई को कहते हैं— (1)

(A) धागा

(B) सूत

(C) तन्तु

(D) इनमें से सभी

18. तपेदिक से बचाव का उपाय है— (1)

(A) संक्रमण से बचना

(B) बी.सी.जी. का टीका लगवाना

(C) भोजन समय पर करना

(D) व्यायाम करना

19. विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है— (1)

(A) 27 मई

(B) 5 जून

(C) 7 अप्रैल

(D) 15 जून

20. जल प्रदूषण का सर्वमुख्य कारक है— (1)

(A) सीवर का पानी

(B) वायुमण्डलीय अपद्रव्य

(C) वर्षा का जल

(D) कुओं का पानी

## खण्ड-'ब'
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**निर्देश—प्रश्न संख्या 1 से 6 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनके उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में दीजिए—**

UPBoardHub

1. गृहविज्ञान किन दो शब्दों से मिलकर बना है ? (2)
2. गृहिणी के दो साप्ताहिक कार्य बताइए। (2)
3. अनिवार्य आवश्यकताएँ कौन-कौन सी हैं ? (2)
4. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के दो प्रमुख स्वास्थ्य संगठनों के नाम लिखिए। (2)
5. अशुद्ध वायु से क्या हानि होती है ? (2)
6. चिपको आन्दोलन क्या है ? (2)

**निर्देश—प्रश्न संख्या 7 से 11 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनके उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए—**

7. गृहविज्ञान का अध्ययन क्यों आवश्यक है ? (4)

**अथवा**

कुशल गृहिणी के गुण कौन-कौन से हैं ? लिखिए।

8. अनिवार्य आवश्यकताएँ कौन-कौन सी हैं ? (4)

**अथवा**

व्यायाम के नियम बताइए।

9. रेडक्रॉस सोसाइटी के विषय में लिखिए। (4)

**अथवा**

संवातन के सिद्धान्त लिखिए।

10. वायु को शुद्ध करने में प्रकृति किस प्रकार सहायता करती है ? (4)

**अथवा**

जल किस प्रकार प्रदूषित होता है ?

11. संक्रामक रोग किसे कहते हैं ? संक्रमण किस प्रकार होता है ? (4)

UPBoardHub

**अथवा**

रेशम क्या है ? वर्णन कीजिए।

**निर्देश—प्रश्न संख्या 12 से 14 तक दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनके उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिए—**

12. गृह-कार्य व्यवस्था को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए। (6)

**अथवा**

वायु से आप क्या समझती हैं ? वायु का संगठन क्या है ?

13. वायु में विद्यमान मुख्य गैसों का सामान्य परिचय विस्तार से दीजिए। (6)

**अथवा**

चेचक रोग के कारण, लक्षण एवं उससे बचाव के उपाय लिखिए।

14. जल प्रदूषण से क्या तात्पर्य है ? इसके कारणों तथा जन-जीवन पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है ? उल्लेख कीजिए। (6)

**आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹ प्रति पेपर Reward पा सकते हैं**